<u>कार्यालय प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, प्रतापगढ़।</u>

<u>विज्ञप्ति</u>

माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद से प्राप्त पत्र संख्या 13546/2022/S.F.C.M Cell, Allahabad, Dated: 21.10.2022 के अनुपालन में एवं पूर्व शासनादेश संख्या 102/सात-न्याय-2-2015-728/86 दिनांकित 18.06.2015 में निर्गत निर्देशों के साक्षेप में जनपद प्रतापगढ़ में कार्यरत दो अतिरिक्त, अपर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय प्रतापगढ़ में दो परामर्शदाता का पद रिक्त है जिनकी नियुक्ति की जानी है जिसके लिए सर्व साधारण से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाने है। उक्त पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदक के पास शैक्षिक योग्यता में समाजशास्त्र या मनोविज्ञान में से किसी एक विषय में स्नातक की डिग्री एवं समाज सेवा का अनुभव होना अनिवार्य है। आवेदक प्रतापगढ़ जिले का निवासी होना चाहिए। सामाजिक कार्य में मास्टर डिग्री और पारिवारिक मामलो (काउन्सिलिंग) में दो वर्ष के अनुभव धारक को वरीयता प्रदान की जायेगी। आवेदक की आयु विज्ञप्ति जारी होने के दिनांक को 35 वर्ष से 65 वर्ष के बीच होनी चाहिए। राज्य सरकार के द्वारा निर्गत निबन्धन और शर्तों के अधीन, दिनांक 20.11.2022 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय प्रतापगढ़ के नाम से पंजीकृत डाक से प्रेषित किये जा सकते है अथवा स्वयं प्रधान न्यायधीश, परिवार न्यायालय के कार्यालय में कार्य दिवस में प्राप्त कराये जा सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। नियुक्त होने वाले सदस्य का कार्यकाल एवं मानदेय राज्य सरकार द्वारा निर्गत निर्देशों के अधीन होगा।

दिनांकः31.10.2022

(सुरेश चन्द्र आर्य)
प्रधान न्यायाधीश,परिवार न्यायालय
प्रतापगढ़।

प्रतिलिपः-

1. केन्द्रीय नाजिर,जनपद न्यायालय, प्रतापगढ़।
2. जिला सूचना अधिकारी को इस विज्ञप्ति के सम्बन्ध में दो दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क सूचना प्रकाशित कराये जाने हेतु प्रेषित।
3. कम्प्यूटर अनुभाग वास्ते वेबसाइट पर संचारित करने हेतु।

31-10-22

(सुरेश चन्द्र आर्य)
प्रधान न्यायाधीश,परिवार न्यायालय
प्रतापगढ़।

<u>आवेदन पत्र</u>

पद का नाम-

1. अभ्यर्थी का नामः ....

2. पिता का नामः ....

3. जन्म तिथिः ....

4. पताः

अस्थायी पताः ....

स्थायी पताः ....

5. मोबाइल नम्बरः ....

6. शैक्षिक योग्यताः

क्रमांक	परीक्षा का नाम	वर्ष	विषय	निर्धारित अंक	प्राप्तांक	प्राप्तांक का प्रतिशत

7. अनुभवः

नोटःशैक्षणिक एवं अनुभव प्रमाण पत्रों की छाया प्रतियॉ संलग्नक करना अनिवार्य हैं।

8. अन्य विवरण जिसे अभ्यर्थी प्रस्तुत करना चाहता है।

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर

<u>घोषणा</u>

एतद्द्वारा मैं श्री/श्रीमती/कुमारी..पत्र.............................

घोषणा करता हूँ कि मेरे द्वारा आवेदन पत्र पर सभी वॉछित सूचनाओं को यथावत एवं स्पष्ट रूप से भरा गया है तथा आवेदक/आवेदिका किसी भी सम्बन्धित परिवारिक न्यायालय में किसी भी वाद में पक्षकार नहीं है। यदि भविष्य में किसी भी समय भरी गयी सूचनायें असत्य पायी जाती है तो उस स्थिति में मेरा आवेदन/नियुक्ति को बिना किसी सूचना/नोटिस के निरस्त करते हुये नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही किये जाने में मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी।

स्थानः

दिनांकः

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर